पृष्ठ सं0 .........................

हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग: शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं0 ..........................................................................

दिनांक: ................................................................................

FTS. No.: .............................................................................

मा0 कुलपति महोदय

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक नवम्बर 29, 2023 को ऑफलाइन / ऑनलाइन सम्पन्न 18वीं बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाईं ओर संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त का अवलोकन करते हुये अनुमोदन प्रदान करने की कृपा करें।

29/11/2023

Dean of Academic Affairs
HBTU, Kanpur

Approved

30/11/2023

D(A-A)

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक नवम्बर 29, 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे सम्पन्न 18वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 18वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 अरूण मोहन शेरी, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 3. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 4. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य (ऑनलाइन) |
| 5. | प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 सी0एल0 गहलौत, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल सांइसेज, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 रामनरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 आशीष कपूर, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभगाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | प्रो0 राम औतार, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 आशीष त्रिवेदी विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 राशी अग्रवाल, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | डा0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

विद्या परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा ऑफलाइन / ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि वर्तमान एवं विगत बैठक के मध्य विश्वविद्यालय द्वारा 14 शिक्षकों एवं 05 अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई है तथा सभी नव नियुक्त शिक्षकों/अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा की गई तथा प्रो0 के0के0 पन्त, निदेशक, आई0आई0टी0 रूडकी दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय द्वारा पंचम दीक्षान्त समारोह में छात्रों को 47 मेडल एवं 715 उपाधियॉ वितरित की गई। शैक्षिक गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाये रखने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सभी विधाओं का एकेडमिक आडिट कराया जा चुका है। अवशेष एवं अर्ह 03 विधाओं (सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं केमिकल इंजी0) का नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन, नई दिल्ली से शीघ्र एक्रीडिटेशन कराया जाना प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालय एल्युमिनी से डायरेक्ट कनेक्ट हेतु एल्युमिनी सेल का गठन किया जा चुका है, आशा है कि एल्युमिनी द्वारा मातृ संस्था के उत्थान में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

मद सं0 18.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 18.09.2023 को सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 18.09.2023 को सम्पन्न 17वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

मद सं0 18.02 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 18.09.2023 को सम्पन्न 17वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 18.09.2023 को सम्पन्न 17वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण पर अनुमोदन प्रदान किये जाने के साथ ही निम्नलिखित बिन्दुओं को आगामी विद्या परिषद् की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

1. मद सं0 17.02 में परिषद् ने विभागाध्यक्ष, भौतिक विभाग के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये बी0एस0 (Physics of Advanced Materials and Devices) को वापस लिये जाने के साथ ही M.Sc. Physics program with minor specializations (Energy Storage Technology, Materials and Devices, Semiconductor Device Technology and Thin Films) नवीन नाम के साथ पूर्ण प्रस्ताव को अगामी बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।
2. मद सं0 17.06 में परिषद् ने मैनेजमेन्ट स्टडीज में संचालित बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 के कोर्स कोड में आ रही समस्या के समाधन हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | संयोजक |
| 2. | अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट | सदस्य |
| 3. | अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइसेज | सदस्य |
| 4. | अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयूमेनिटिज एण्ड सोशल सांइसेज | सदस्य |

उक्त प्रकरण हेतु बी0बी0ए0 एवं0 एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के पूर्ण प्रस्ताव को अगामी बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

3. मद सं0 17.15.01 में परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत बी0टेक0 पाठ्यक्रम में बी0टेक0 (आनर्स) एवं Minor Degree के कार्यान्वयन पर पुनः विभागीय विचार– विमर्श करते हुये कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 18.03** **विश्वविद्यालय के 23वीं परीक्षा परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के 23वीं परीक्षा परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लेने के उपरान्त निम्न बिन्दुओं में कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया:

1. बिन्दु सं0 09 पर परिषद् ने Physical Disability हेतु यू0जी0सी0, अभातशिप एवं अन्य संस्थानों / विश्वविद्यालय के अनुरूप नियमावली को बनाये जाने हेतु निर्णय लिया।
2. बिन्दु सं0 11 पर छात्रों के लिये कैरीओवर विषयों में ग्रेड प्वांइट हेतु अतिरिक्त व्यवस्था को यू0जी0सी0, अभातशिप एवं अन्य संस्थानों / विश्वविद्यालय में दी व्यवस्था के अनुरूप तैयार किये जाने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया:

| | |
|---|---|
| 1. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | संयोजक |
| 2. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0 | सदस्य |
| 3. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 | सदस्य |
| 4. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस | सदस्य |
| 5. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एण्ड सोशल सांइसेज | सदस्य |
| 6. अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट | सदस्य |
| 7. परीक्षा नियंत्रक | सदस्य |

**मद सं0 18.04** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023–24 का अद्यतन सेवायोजन की स्थिति पर विचार करते हुये सेवायोजन में वृद्धि किये जाने हेतु नवीन संस्था/कम्पनीज को विश्वविद्यालय डेटाबेस में जोड़ते हुये अतिरिक्त प्रयास किये जायें एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम को सेवायोजन में सम्मिलित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 18.05 विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम के नाम में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद् ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम के नाम को M.Tech. in Electronics and Communication Engineering से परिवर्तित करते हुये M.Tech. in Electronics with Specializaiton in Singal Processing and Communication Engineering किये जाने पर पुर्न अवलोकन करते हुये अगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 18.06 विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु निर्गत विषय कोड के सम्बन्ध में।

परिषद् ने विश्वविद्यालय के अधीन स्व–वित्तपोषित नवीन स्कूल ऑफ इन्टप्रोन्योर्सशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु निर्गत किये गये कोर्स कोड पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.07 विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में अध्ययनरत छात्रों हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार संशोधित कर अनुमोदन के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में अध्ययनरत छात्रों हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं यू0जी0सी0 गजट 2022 के अनुसार संशोधित अध्यादेश में निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लियाः

1. बिन्दु सं0 04 पर परिषद् ने Committees for the Research (SRAC+RDC) को शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रवेशित एवं वर्तमान में अध्ययनरत समस्त पी0एच0डी0 छात्र–छात्राओं के लिये लागू किये जाने हेतु निर्देशित किया।

2. बिन्दु सं0 10 पर परिषद् ने अध्यादेश तैयार किये जाने हेतु पूर्व में गठित समिति के साथ अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज को सम्मिलित करते हुये पुनः परिक्षण कर संशोधन करने हेतु निर्देशित किया।

परिषद् ने उक्त प्रकरण को संशोधन के उपरान्त अध्यक्ष विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

मद सं0 18.08 **विश्वविद्यालय की 17वीं विद्या परिषद् के मद सं0 17.08 में विभिन्न विभागों में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में छात्रों के रूझान में कमी के दृष्टिगत प्रवेश हेतु सीटों की संख्या में कमी में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की 17वीं विद्या परिषद् के मद सं0 17.08 में विभिन्न विभागों में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम में छात्रों के रूझाान में कमी के दृष्टिगत प्रवेश हेतु सीटों की सं0 में कमी किये जाने पर लिये गये निर्णय में संशोधन करते हुये परिषद् ने अभातशिप के अनुमोदन विस्तारण में बायोकेमिकल इंजी0, फूड टेक0 एवं ऑयल टेक0 को केमिकल टेक0 में समावेशित करते हुये कुल 34 प्रवेश क्षमता पर प्रवेश लिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.09 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत बी0टेक0 पाठ्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी नवीन विधा (चार वर्षीय) 60 प्रवेश क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत बी0टेक0 पाठ्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी नवीन विधा (चार वर्षीय) 60 प्रवेश क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति के साथ अनुमोदन प्रदान किया। इसके साथ ही पूर्ण प्रस्ताव अगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 18.10 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रम बी0फार्म0 (चार वर्षीय) 60 प्रवेश क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रम बी0फार्म0 (चार वर्षीय) 60 प्रवेश

क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति के साथ अनुमोदन प्रदान किया। इसके साथ ही पूर्ण प्रस्ताव अगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 18.11 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत नवीन एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी विधा (दो वर्षीय) 40 प्रवेश क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 से बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के अन्तर्गत नवीन एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी विधा (दो वर्षीय) 40 प्रवेश क्षमता के साथ प्रारम्भ किये जाने के प्रस्ताव को विभाग में दो उपरोक्त नये कोर्स के दृष्टिगत वर्तमान सत्र में स्थगित किये जाने एवं अगामी शैक्षिक सत्र हेतु पुर्नविचार कर प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.12 **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के सम्बन्ध में।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय के एम0टेक0 पाठ्यक्रम के कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति पर परिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.13 **विश्वविद्यालय की 20वीं0 प्रवेश समिति की दिनांक 22.11.2023 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की 20वीं0 प्रवेश समिति की दिनांक 22.11.2023 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर परिषद् ने मद सं0 20.04 में शीतकालीन में पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अंग्रेजी विधा (02 सीट) को जोड़े जाने के साथ कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.14 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

मद सं0 18.14.01 **विश्वविद्यालय के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 के शिक्षण शुल्क के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने शैक्षिक सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग में संचालित बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम का शिक्षण शुल्क यथावत रहेगी एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के शिक्षण शुल्क में रू0 10,000/– धनराशि

की वृद्धि करते हुये कुल शिक्षण शुल्क रू0 1,30,000/– पर अनुमोदन प्रदान किया, साथ ही भविष्य में नये प्रस्ताव लाते समय पूर्ण विवरण / स्पष्टीकरण के साथ प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये।

मद सं0 18.14.02 विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अभ्यर्थियों के प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद् ने विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय अभ्यर्थियों के प्रवेश लिये जाने हेतु अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये पूर्ण प्रस्ताव आगामी विद्या परिषद् में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मद सं0 18.14.03 विश्वविद्यालय में केमिकल इंजी0 विभाग के अर्न्तगत एम0टेक पाठ्यक्रम में अंतःविषय **(Interdisciplinary)** शैक्षिक सत्र 2024–25 से प्रारम्भ किये जाने सम्बन्ध में।

परिषद् ने विश्वविद्यालय में केमिकल इंजी0 विभाग के अर्न्तगत एम0टेक अंतःविषय (Interdisciplinary) पाठ्यक्रम में Energy and Environment को शैक्षिक सत्र 2024–25 से प्रारम्भ किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की तथा सम्बन्धित समस्त विभागाध्यक्ष (केमिकल, मैकेनिकल, सिविल इंजी0 तथा अन्य विभाग) एवं विषय–विशेषज्ञों से विचार–विमर्श करते हुये पूर्ण विवरण के साथ प्रस्ताव को अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 के माध्यम से आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

29/11/2023

(डा0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्